हरिभूमि

# सिरसा-फतेहाबाद भूमि

रोहतक, रविवार, 16 जून 2024

13 कामरेड कृष्ण स्वरूप की जयंती पर किया पौधारोपण



14 सहायता समूह की मदद से महिलाएं बनी उद्यमी : सुरेश



## खबर संक्षेप

### मकान से हजारों की नकदी व सामान चोरी

**फतेहाबाद।** चोरों ने गांव ढाणी गोपाल में एक मकान में घुसकर हजारों की नकदी व अन्य सामान चोरी कर लिया। इस बारे सूचना मिलते ही भूना पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई और जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में ढाणी गोपाल निवासी रामप्यारी ने कहा है कि गत दिवस सुबह वह अपने परिवार के सदस्यों के साथ अपनी रिश्तेदारी में भैणी बादशाहपुर गई थी। अब जब वह वापस अपनी घर आई तो देखा कि उसके घर में चोरी हो गई थी। जब उन्होंने सामान की जांच की तो पाया कि चोर मकान से 25 हजार रुपये की नकदी के अलावा 17 मण गेहूं, पानी की मोटर, फर्राटा पंखा सहित काफी सामान चोरी कर ले गए हैं। इस पर पहले उन्होंने आसपास तलाश की लेकिन जब कुछ पता नहीं चला तो उसने इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई। इस मामले में पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### फतेहाबाद शहर से दो युवतियां लापता

**फतेहाबाद।** शहर में अलग-अलग जगहों से दो युवतियों के लापता होने का समाचार है। इस बारे पुलिस को दी शिकायत में अम्बेडकर नगर, डीएसपी रोड फतेहाबाद निवासी एक व्यक्ति ने कहा है कि उसकी 20 वर्षीय लड़की सुबही करीब साढे.10 बजे घर पर किसी को बिना बताए कहीं चली गई है और वापस घर नहीं लौटी है। इस पर उन्होंने उसकी काफी जगह तलाश की लेकिन जब उसका कहीं कुछ पता नहीं चला तो उसने इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई। उसने आरोप लगाया कि अशोक नगर के ही पंकज नाम युवक ने उसकी लड़की को कहीं छिपा रखा है। पुलिस ने केस दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी।

### उच्च अधिकारियों के आदेश पर अभियान चलाया

# जिला पुलिस ने जस्सी डॉग के साथ बस स्टैंड पर खंगाले बैग

**यह चैकिंग हरियाणा एनसीबी सिरसा यूनिट द्वारा की गई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶। सिरसा

हरियाणा राज्य नारकोटिक कंट्रोल ब्यूरो यूनिट सिरसा के सब इंस्पेक्टर कृष्ण लाल ने शनिवार को अपनी पुलिस टीम के साथ सिरसा के बस स्टैंड पर बस स्टैंड चौकी इंचार्ज रत्न सिंह एवं उनकी पुलिस टीम को साथ लेकर जस्सी नामक डॉग के साथ रेलवे स्टेशन पर तलाशी अभियान चलाया। इस तलाशी अभियान में शक के दायरे में आने वाले लोगों की बारीकी से तलाशी ली गई है। सब इंस्पेक्टर कृष्ण लाल ने बताया कि उच्च अधिकारियों के आदेश पर किसी को बिना बताए यह अभियान चलाया गया। इस अभियान में जस्सी नामक डॉग स्क्वायड की टीम को भी साथ लिया गया। उन्होंने बताया कि नशीले पदार्थ एवं नशा माफियाओं की चैन को तोड़ने के लिए हरियाणा एनसीबी सिरसा यूनिट द्वारा यह चैकिंग की गई है। इस अभियान में पुलिस बल के द्वारा बसों में भी चैकिंग की गई और संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखी है व उनकी तलाशी ली। इसके साथ ही इस अभियान के दौरान आसपास के इलाकों की भी अलग से तलाशी ली गई। वहीं बस स्टैंड चौकी इंचार्ज रतन सिंह ने बताया कि नशीले पदाथोंर् के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए एनसीबी सिरसा के द्वारा चलाया गया यह अभियान सराहनीय है और बस स्टैंड चौकी पुलिस की ओर से भी नशे के खात्मे के लिए संदिग्ध व्यक्तियों पर गुप्त रूप से नजर रखी जा रही है। उन्होंने बताया कि हरियाणा में नशा तस्करों को उनके असली घर जेल की सलाखें दिखाई जाएगी ताकि संपूर्ण हरियाणा को नशा मुक्त किया जा सके। इस मौके पर सब इंस्पेक्टर इंस्पेक्टर कृष्ण लाल के साथ एसआई सुखदेव सिंह, एएसआई गुरलाल, मुख्य सिपाही सुधीर के साथ डॉग हैंडलर एवं बस स्टैंड चौकी इंचार्ज रतन सिंह, बलविंद्र एसपीओ, होमगार्ड जवान संदीप कुमार के साथ पुलिस चौकी के सभी पुलिसकर्मी मौजूद रहे।



**सिरसा।** पुलिस कर्मी रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की तलाशी लेते हुए।

## अनाज मण्डी का दुकानदार हुआ साइबर ठगी का शिकार

**फतेहाबाद।** जिले में साइबर ठगी के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। साइबर ठगों ने शहर की अनाज मण्डी के एक दुकानदार को अपना निशाना बनाते हुए उससे 10 हजार रुपये हड़प लिए। इस बारे पीड़ित व्यक्ति ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई है। पुलिस को दी शिकायत में गांव मानावाली हाल शिव नगर फतेहाबाद निवासी मदन लाल ने कहा है कि उसकी अनाज मण्डी में बीज-दवाई की दुकान है। 7 जून शाम को उसके मोबाइल पर फोन आया। फोन करने वाले ने कहा कि वह उसका दोस्त प्रेम बोल रहा है। अनाज मण्डी में एक लड़का मुनीम का काम करता है और उसका एक्सीडेंट हो गया है। उसको 25 हजार रुपये की जरूरत है। वह उसके पास 25 हजार रुपये फोन पे से भेज दें। वह उसके खाते में 25 हजार रुपये भेज रहा है। थोड़ी देर बाद उसका फिर फोन आया और कहा कि उसने 20 हजार रुपये भेज दिए है और 5 हजार कुछ देर में भेज रहा है। उसके बाद दोबारा फोन कर कहा कि उसने 5 हजार की बजाय गलती से 50 हजार रुपये भेज दिए हैं वह यह पैसे वापस भेज दे। इस पर उसने पहले 10 हजार रुपये भेज दिए। इसके बाद जब उसने अपना अकाऊंट चैक किया तो पाया कि उसके खाते में न तो 20 हजार रुपये आए थे और न ही 50 हजार रुपये। इस पर उसने अपने साथ हुई धोखाधड़ी का पता चला। इस पर उसने इस बारे हैल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज करवाई।

### महिला से बीमा पॉलिसी के नाम पर 65 लाख की ठगी

**सिरसा।** शहर की एक महिला से बीमा पॉलिसी के नाम पर मोटे मुनाफा देने का झांसा देकर करीब 65 लाख रुपए की ठगी करने के मामले में दो मुख्य आरोपियों को साइबर क्राइम पुलिस टीम ने दिल्ली क्षेत्र से काबू कर लिया है। पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान हिमांशु पुत्र नरेंद्र कुमार निवासी बाबा कॉलोनी दिल्ली तथा राजन कुमार पुत्र गोपाल राम निवासी छतरपुर दिल्ली के रूप में हुई है। गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपियों को सिरसा अदालत में पेश कर पूछताछ के लिए तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस घटना में संलिप्त तीन आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। उन्होंने बताया की रिमांड अवधि के दौरान आरोपियों की निशानदेही पर ठगी की राशि बरामद की जाएगी तथा उनके अन्य साथियों के बारे में जानकारी हासिल कर उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि महिला के साथ हुई 65 लख रुपए की ठगी के मामले को गंभीरता से लेते हुए साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन प्रभारी जसवीर सिंह के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया था। गठित की गई पुलिस टीम ने मुख्य आरोपियों के तीन सहयोगियों को पहले ही गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पकड़े गए दोनों मुख्य आरोपियों तथा उनके सहयोगियों ने शहर सिरसा की महिला को बीमा पॉलिसी के नाम पर मोटे मुनाफे का झांसा देकर करीब 65 लाख रुपए की ठगी की थी। इस संबंध में बीती 27 सितंबर 2023 को विभिन्न आपराधिक धाराओं के तहत साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन सिरसा में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी।



**फतेहाबाद।** ग्रामीणों को नशा न करने की शपथ दिलाते पुलिस अधिकारी।

## फतेहाबाद पुलिस ने चलाया नशे के खिलाफ अभियान

- यह अभियान 16 टीमों ने 20 स्थानों पर चलाया
- करीब 1500 लोगों को नशे के दुष्प्रभाव एवं बचाव बारे जागरूक किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶। फतेहाबाद

फतेहाबाद पुलिस द्वारा 12 से 26 जून तक नशा मुक्त भारत पखवाड़ा अंतर्गत नशे के खिलाफ विशेष अभियान की शुरुआत की गई है। इस अभियान के तहत जिला पुलिस की सभी थाना एवं चौकी स्तर पर पुलिस टीमें आमजन को नशे के दुष्प्रभाव एवं बचाव भरे जागरूक कर रही हैं। जिला पुलिस की 16 टीमों ने 20 अलग-अलग स्थानों पर जागरूकता अभियान चलाकर करीब 1500 लोगों को नशे के दुष्प्रभाव एवं बचाव बारे किया जागरूक किया है। शनिवार को थाना सदर रतिया प्रभारी उपनिरीक्षक ओम प्रकाश, थाना सदर फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद राय, थाना सदर टोहाना प्रभारी उपनिरीक्षक देवीलाल, थाना शहर टोहाना प्रभारी उपनिरीक्षक बलवान सिंह, थाना शहर रतिया प्रभारी उपनिरीक्षक जय सिंह, थाना शहर फतेहाबाद प्रभारी उपनिरीक्षक रणजीत सिंह, थाना जाखल प्रभारी उप निरीक्षक कुलदीप सिंह, थाना भूना प्रभारी निरीक्षक संदीप कुमार, थाना भट्टू कलां प्रभारी निरीक्षक देवेन्द्र नैन एवं महिला थाना फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक पुष्पा व बस अड्डा पुलिस चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक संजय कुमार, हुडा पुलिस चौकी प्रभारी महावीर सिंह, गुरुनानपुरा पुलिस चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक राधेश्याम, कुलां पुलिस चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक भान सिंह, म्योंद पुलिस चौकी प्रभारी रमेश कुमार व दरियापुर पुलिस चौकी प्रभारी शीशपाल की 16 टीमों ने चौक चौराहा एवं खेल के मैदानों मे जाकर आमजन, माता-पिता व उनके बच्चो से मिलकर नशे से बचनें हेतु जागरुक किया साथ ही उन्हें नशे के विरुद्ध शपथ दिलाई। आज पुलिस की उपरोक्त टीमों ने लगभग 1500 लोगों को इस अभियान में नशे के खिलाफ शपथ दिलाई।

## बीच सड़क से ट्रक गायब ट्रक मालिक पर केस दर्ज

- गेहूं की बोरियां समेत टोहाना से चला था ट्रक
- पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की

हरिभूमि न्यूज ▶▶। टोहाना

टोहाना से ट्रक में गेहूं की सैंकड़ों बोरियां लोड करके राजस्थान के बारां के लिए चला एक ट्रक रास्ते में ही गायब हो गया। ट्रांसपोर्ट ठेकेदार ने ट्रक मालिक बाप-बेटे पर माल को गबन करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शहर टोहाना पुलिस को दी शिकायत में गांव हमजापुर निवासी विरेन्द्र सिंह ने कहा है कि वह फूड कारपोरेशन ऑफ इंडिया से गेहूं व चावल का ट्रांसपोर्ट का टेंडर लेता है। उसने एफसीआई टोहाना से एफसीआई बारां का रोड ट्रांसपोर्ट का टेंडर लिया हुआ है। 29 मई को झुंझनू के अरविंद सिंह व उसके पिता धर्मपाल ने उससे सम्पर्क किया और कहा कि उनके पास गाड़ी है और वह उसका माल एफसीआई बारां पहुंचा देंगे। इसके बाद वे हैफेड गोदाम, दमकौरा रोड टोहाना से 696 बैग गेहूं अपनी गाड़ी में लोड करके एफसीआई बारां, राजस्थान के लिए चले थे। उसने किराये के तौर पर 35 हजार 875 भी ट्रांसफर कर दिए थे। इसके बाद से ट्रक मालिक अरविंद व धर्मपाल से उसका कोई सम्पर्क नहीं हुआ और न ही उसका माल बारां पहुंचा है। उसने आरोप लगाया कि उक्त बाप-बेटे ने उसके साथ धोखाधड़ी करते हुए माल को दूसरी जगह बेच दिया है। इस पर उसने इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई। इस मामले में पुलिस ने आरोपी बाप-बेटे के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## डबवाली में सड़क किनारे खड़ी कार में लगी आग

- फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने आग पर काबू पाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶। डबवाली

शहर के चौटाला रोड पर आज सुबह सड़क किनारे खड़ी एक कार में अचानक आग लग गई। लोगों की मदद व फायरब्रिगेड की सहायता से आग पर जब तक काबू पाया गया तब तक कार का इंजन वाला हिस्सा जल चुका था। मिली जानकारी के मुताबिक गांव मिड्डूखेड़ा निवासी गुरुनूर पुत्र सुरेंद्र सिंह आज सुबह करीब 7 बजे चौटाला रोड पर एक जिम में एक्सरसाइज करने के लिए आया। गुरुनूर ने अपनी महिंद्रा लोगान कार जिम के समीप सड़क की साइड पर पार्क कर दी और खुद जिम में चला गया। थोड़ी देर बाद सड़क से गुजर रहे लोगों ने देखा की इस कार के इंजन में से धुआं निकल रहा है। इसके बाद तो कार तेजी से जलने लगी। वहां मौजूद लोगों ने अपने-अपने प्रयास से कार की आग पर काबू पाने का प्रयास किया। इसी बीच फायर ब्रिगेड को भी सूचना दी गई। कुछ ही देर में फायर ब्रिगेड की गाड़ी भी मौके पर पहुंच गई और जल रही कार की आग पर काबू पाया गया। गुरुनूर के मुताबिक वह गांव से डबवाली आया है और यहां गाड़ी पार्क करने तक उसे कोई परेशानी नहीं हुई। अचानक कार के इंजन में आग कैसे लगी उसे नहीं मालूम। जब उसने जानकारी मिलने पर मौके पर आकर देखा तो कार का इंजन वाला हिस्सा जल चुका था। आग की वजह से कार को काफी नुकसान हुआ है।



**सिरसा।** डबवाली में जलती हुई कार। *फोटो : हरिभूमि*

## युवक से मारपीट कर छीना मोबाइल, केस दर्ज

- युवक को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶। टोहाना

टोहाना में कुछ बदमाशों द्वारा एक युवक से मारपीट कर उससे मोबाइल छीनने व गाड़ी छीनने की कोशिश करने का मामला सामने आया है। घायल युवक को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस को दी शिकायत में गांव जमालपुर शेखां निवासी लखविन्द्र सिंह ने कहा है कि शुक्रवार शाम को वह अपने दोस्त अली खान की बलेरो गाड़ी में सवार होकर किसी काम से टोहाना आ रहा था। जैसे ही वह अम्बेडकर चौक के पास पहुंचा तो सीना निवासी खोबड़ा मोहल्ला टोहाना ने गाड़ी को जबरन रूकवा लिया। उसने जबरदस्ती उससे उसका मोबाइल फोन छीन लिया और जेब से रुपये निकालने की कोशिश करने लगा। सीना ने बाद में अपने साथियों को बुला लिया। इस पर सतीश खोबड़ा, मोनू खड़वालिया, सोनू नाकटी, संदीप ठरवी व 4-5 अन्य युवक मौके पर आए और इनके पास लोहे की राड, डंडे व गंडासे लिए हुए थे। इन युवकों ने उससे उसकी गाड़ी छीनने की कोशिश की। जब उसने इसका विरोध किया तो युवकों ने उसे गाड़ी से बाहर निकाल लिया और उसके साथ मारपीट करनी शुरू कर दी। इन लोगों ने लोहे की राड व ईंट-पत्थरों से उसकी गाड़ी को भी बुरी तरह से तोड़ दिया। आसपास के लोगों ने उसे छुड़वाया और उसने वहां से भागकर अपनी जान बचाई। बाद में हमलावर उसे जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। बाद में उसे उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। इस मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### महिला से बीमा पॉलिसी के नाम पर मुनाफे का झांसा देकर की थी ठगी

**सिरसा।** शहर की एक महिला से बीमा पॉलिसी के नाम पर मोटे मुनाफा देने का झांसा देकर करीब 65 लाख रुपए की ठगी करने के मामले में दो मुख्य आरोपियों को साइबर क्राइम पुलिस टीम ने दिल्ली क्षेत्र से काबू कर लिया है। पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान हिमांशु पुत्र नरेंद्र कुमार निवासी बाबा कॉलोनी दिल्ली तथा राजन कुमार पुत्र गोपाल राम निवासी छतरपुर दिल्ली के रूप में हुई है। गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपियों को सिरसा अदालत में पेश कर पूछताछ के लिए तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस घटना में संलिप्त तीन आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। उन्होंने बताया की रिमांड अवधि के दौरान आरोपियों की निशानदेही पर ठगी की राशि बरामद की जाएगी। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि महिला के साथ हुई 65 लख रुपए की ठगी के मामले को गंभीरता से लेते हुए साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन प्रभारी जसवीर सिंह के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया था।

## कर्मचारी विरोधी फरमानों के खिलाफ रोडवेज कर्मचारी करेंगे भूख हड़ताल

- 26 जून को कर्मचारी भूख हड़ताल करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶। सिरसा

परिवहन विभाग के सचिव की ओर से जारी किए जा रहे कर्मचारी विरोधी फरमानों के विरोध में 26 जून को रोडवेज कर्मचारी भूख हड़ताल करेंगे। राज्य प्रेस सचिव व सिरसा डिपो प्रधान पृथ्वी सिंह चाहर ने बताया कि हरियाणा रोडवेज कर्मचारी सांझा मोर्चे की बैठक पेहवा में संपन्न हुई। मीटिंग में मौजूद कर्मचारी वरिष्ठ नेता जयबीर घणघस, नरेंद्र दिनोद, जगदीप लाठर, माया राम, दिनेश हुड्डा, अमित महाराणा, अशोक खोखर, संजीव कुमार, नीरज शर्मा आदि मोर्चे के शीर्ष नेताओं ने भाग लिया। मोर्चे के नेताओं ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा 23 जून 2023 को रोडवेज कर्मचारियों की कई मांगों पर सहमति जताई थी, जिनके परिपत्र जारी करने का आश्वासन दिया था, लेकिन मानी गई मांगों को लागू नहीं किया जा रहा है। दूसरी ओर आए दिन कर्मचारी व विभाग विरोधी फरमान जारी किए जा रहे हैं। चालक-परिचालक व लिपिक से अनेक तरह के कार्य लिए जा रहे हैं, परंतु कायार्र् अनुसार पे ग्रेड न देकर आर्थिक नुकसान किया जा रहा हैं। चालक-परिचालक, उपनिरीक्षक, निरीक्षक व कर्मशाला के कर्मचारियों की देय अर्जित अवकाशों को कम करके आर्थिक नुकसान किया जा रहा है। चालक, परिचालकों के रात्रि ठहराव भत्ता को 30 से 10 तक सीमित करने का फरमान जारी कर दिया हैं। ओवर टाइम पॉलिसी को ताक पर रखकर चालक परिचालकों से 14-15 घंटे कार्य लेकर ओवरटाइम सीमित देकर शारीरिक व आर्थिक नुकसान किया जा रहा है। कर्मशाला के कर्मचारियों के कर्मचारियों को सर्विसेज रूल 2016 के साथ जोड़कर अवकाशों को कम करके प्रताड़ित किया जा हैं। गुरप डी के कर्मचारियों से तकनीकी पद का कार्य लिया जा रहा है, जबकि प्रमोशन नहीं दी जा रही हैं। सभी प्रकार की पूर्ण प्रक्रिया के बाद भर्ती किए गए 2016 के चालकों व दादरी डिपो के 52 हैल्परों को पक्का नहीं किया जा रहा है। रोडवेज विभाग में लगभग 45 तरह की कैटेगिरी फ्री यात्रा सुविधाओं का लाभ ले रही है, परंतु 35 से 38 साल तक कार्य करने वाले रोडवेज कर्मचारियों को फ्री सुविधा न देकर अन्याय किया जा रहा है। सरकार की कर्मचारी वविभाग विरोधी नीतियों के खिलाफ कर्मचारियों में बहुत रोष है। सांझे मोर्चे ने इन फरमानों के खिलाफ 26 जून को महानिदेशक, अतिरिक्त परिवहन सचिव व सभी महाप्रबंधकों की तानाशाही के खिलाफ 10 से 4 बजे तक भूख हड़ताल करके ज्ञापन दिया जाएगा।

**अपराध** नीट का पेपर पास करवाने के नाम पर युवती से की लाखों रुपये की ठगी

## मेडिकल कॉलेज में एडमिशन के नाम पर युवती से की फर्जी शादी, अब परिवार को मिल रही धमकियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶। फतेहाबाद

नीट परीक्षा पास करवा बढ़िया मेडिकल कॉलेज में दाखिला दिलवाने के नाम पर शहर की एक युवती धोखाधड़ी का शिकार हो गई। शहर के ही एक दम्पति व उसके लड़के ने विवाहित कोटे से नीट परीक्षा पास कर मेडिकल कॉलेज में एडमिशन करवाने के नाम पर युवती से केवल लाखों रुपये ही नहीं हड़पे बल्कि फर्जी शादी के कागजात तैयार करवा युवती व उसके परिवार को परेशान करना शुरू कर दिया। इस मामले में युवती की मां द्वारा पुलिस को शिकायत दी गई है। इस मामले में पुलिस ने तीनों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस को दी शिकायत में सैक्टर 3 निवासी एक महिला ने कहा कि वह सरकारी अध्यापिका के तौर पर काम करती है। उसकी लड़की जयपुर में एमबीबीएस कर रही है। अप्रैल में उसके मोबाइल पर व्हाटसअप पर मैसेज आया जिसमें कुछ फोटो व वीडियो थे। इसमें उसकी लड़की की हुबहू शक्ल की लड़की किसी व्यक्ति के साथ मंदिर में शादी करते दिख रही थी। इस पर जब उसने अपनी लड़की से बात की तो उसने बताया कि 2021 में उसका नीट का पेपर पास नहीं हो पाया था जिसके चलते वह परेशान थी। उसकी जान-पहचान शोभा निवासी शक्ति नगर फतेहाबाद से हुई। शोभा भी शहर के निजी स्कूल में पढ़ाती है। शोभा ने उसे बताया कि उसका पति व देवर वर्ष 2022 में होने वाले नीट पेपर को पास करवाने में उसकी मदद कर सकते हैं। शोभा ने उसे अपने पति गगन व देवर पंकज उर्फ पंकू से मिलवाया और उसे भरोसा दिलाया कि वह किसी बढ़िया मेडिकल कॉलेज में उसका दाखिला करवा देंगे। इसके बदलने उसने सोने के गहने व करीब 85 हजार रुपये भी इन लोगों को दिए थे। इन लोगों ने उससे कई दस्तावेज भी साइन करवाए थे।

> **षडयंत्र के तहत फंसाकर पैसे भी वसूले**
>
> महिला ने आरोप लगाया कि शोभा, गगन व पंकज उर्फ पंकू ने षडयंत्र के तहत उसकी लड़की को जाल में फंसाकर उससे जबरन पैसे वसूले और अब उसके परिवार से भी पैसे ठगना चाहते हैं। अब भी पंकज उर्फ पंकू उसकी बेटी की शहर में बेइज्जती करवाने, उसके परिवार को मारने की धमकी दे रहा है और घर के बाहर चक्कर लगाकर अश्लील फब्तियां कसता है। इस पर महिला ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई। इस मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### खास कोटे से एडमिशन करवाने की बात कही

दिसम्बर 2021 में इन लोगों ने बताया कि झज्जर या इसराना मेडिकल कॉलेज में उसका दाखिला करवा सकते हैं परंतु उनमें केवल विवाहिता को एक खास कोटे के तहत प्राथमिकता दी जाएगी। अगर वह आज किसी के साथ शादी की फोटो और शादी के लिए मान्यता प्राप्त मंदिर से जारी दस्तावेज का इंतजाम कर लें तो उसका 100 प्रतिशत दाखिला हो जाएगा। छात्रा ने कहा कि इन तीनों की बातों में आ गई। इन तीनों ने उसके शादी के सारे दस्तावेज तैयार करवा दिए और 50 हजार रुपये लिए। इन लोगों ने दो गवाहों प्रियंका व साहिल निवासी लाजपत नगर फतेहाबाद का प्रबंध किया और पंकज उर्फ पंकू ने तहसील चौक स्थित मंदिर में कुछ फोटो व वीडियो तैयार करवाए। इसके बाद शोभा ने सारे दस्तावेज अपने पास रख लिए और कहा कि वह नीट का पेपर दे, बाकी काम हम सब मिलकर संभाल लेंगे। इसके बाद शोभा उसके घर आई और पंकज से असली शादी करवाने की बात कही। इस पर उसकी लड़की ने दोनों को घर से जाने को कहा। अध्यापिका ने कहा कि इसके बाद से सारे दस्तावेज इन लोगों के पास है।

# एमएफ में 8-4-3 का नियम तो खटाखट बढ़ेगा पैसा

- म्यूचुअल फंड में निवेश के लिए यह एक लोकप्रिय स्ट्रैटेजी
- हर माह 21,250 निवेश करेंगे तो 8 साल में 33.37 लाख बनेंगे
- 21वें वर्ष तक आप 2.22 करोड़ रुपये बचाने में कामयाब होंगे
- धैर्य और अनुशासन के माध्यम से धीरे-धीरे धन अर्जित करें


*निवेश करने जा रहे हैं तो यह जान लें कि 8-4-3 इंवेस्टमेंट रूल म्यूचुअल फंड में एक लोकप्रिय स्ट्रैटेजी है। यह नियम इस बात पर आधारित है कि समय और चक्रवृद्धि ब्याज निवेश में कैसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस रणनीति में यह अनुमान लगाया जाता है कि निवेश सालाना किस दर से बढ़ेगा। इससे कम्पाउंडिंग की ताकत को समझने में मदद मिलती है और निवेशक आसानी से अपना पैसा बढ़ा लेता है।*

निवेश मंत्रा
बिजनेस डेस्क

पैसा आज की सबसे बड़ी जरूत है। हर किसी को पैसा चाहिए। पैसा बढ़ाने का कोई शॉर्टकट नहीं है, लेकिन थोड़ी सावधानी के साथ निवेश किया जाए तो आप कंपाउंड का लाभ लेकर आसानी से कुछ ही समय में अच्छा पैसा बना सकते हैं और करोड़पति बन सकते हैं। हर कोई करोड़पति बनने की चाहत रखता है। इसे पर्सनल फाइनेंस में एक मील के पत्थर के तौर पर देखा जाता है। अक्सर लोग पूछते हैं क करोड़पति बनने के लिए क्या करना होगा? क्या 1 करोड़ रुपये जमा करने के लिए कसिी तय समय की जरूरत है? क्या इतनी रकम जोड़ पाना संभव है? इन सभी सवालों का जवाब 8-4-3 इंवेस्टमेंट रूल में है। दरअसल, किसी भी फाइनेंशियल टारगेट तक पहुंचने के लिए आपके हाथ में जरूरी समय होना चाहिए। इसके लिए तय समय तक एक निश्चित रकम का निवेश करने की जरूरत होगी। अनुशासन और चक्रवृद्धि की ताकत (कम्पाउंडिंग पावर) से समय के साथ अपनी बचत को दोगुना या तिगुना करना मुमकिन है। इस रिपोर्ट के जरिये हम आपको बताएंगे कि म्यूचुअल फंड में 8-4-3 इंवेस्टमेंट रूल क्या है। निवेशक क्यों इसे निवेश की सबसे लोकप्रिय स्ट्रैटजी बता रहे है। यह नियम कैसे पैसा बढ़ाने में आपकी मदद कर सकता है।

### क्या है 8-4-3 इंवेस्टमेंट रूल

म्यूचुअल फंड की दुनिया में 8-4-3 रूल बढ़ते निवेश में चक्रवृद्धि ब्याज की ताकत को दर्शाने में मदद करता है। इसके जरिये एक करोड़ रुपये या दूसरे फाइनेंशियल टारगेट के बारे में अनुमान लगाया जा सकता है। 8-4-3 इंवेस्टमेंट रूल एक कॉन्सेप्ट है। इसका इस्तेमाल समय के साथ आपके निवेश को बढ़ाने में चक्रवृद्धि ब्याज की ताकत को दिखाने के लिए किया जाता है। अगर हम इसे ध्यान से देखें तो यह कोई निवेश रणनीति नहीं है, बल्कि ग्रोथ की संभावित रफ्तार को समझने का एक सरल तरीका है। निवेश करने जा रहे हैं तो यह जान लें कि 8-4-3 इंवेस्टमेंट रूल म्यूचुअल फंड में एक लोकप्रिय स्ट्रैटेजी है। यह नियम इस बात पर आधारित है कि समय और चक्रवृद्धि ब्याज निवेश में कैसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।




### कैसे लागू होता है 8-4-3 का नियम?

पहले 8 सालों में आप अपने निवेश में स्थिर बढ़ोतरी देखते हैं। फिर अगले 4 सालों (वर्ष 9-12) में निवेश की ग्रोथ पहले 8 सालों के बराबर हो सकती है। यानी आपने पहले 8 सालों में जितना पैसा बनाया वह 4 साल में बनने लगता है। फिर अंतिम 3 सालों (वर्ष 13-15) में निवेश की बढ़ोतरी पिछले 4 सालों जितनी हो सकती है।

### पूरा कॉन्सेप्ट ऐसे समझें

- निवेश में 8-4-3 रूल के असर को समझने के लिए एक उदाहरण लेते हैं। मान लेते हैं कि आप ऐसे किसी इंस्ट्रूमेंट में पैसा लगाते हैं, जिसमें 12 फीसदी सालाना चक्रवृद्धि ब्याज मिलता है। इसके जरिये हर महीने 21,250 रुपये का निवेश करके आप 8 साल में 33.37 लाख रुपये तक पहुंच सकते हैं। इसी तर्ज पर निवेश करते हुए अगले 4 साल में आप और 33 लाख रुपये अर्जित कर लेंगे। यानी पहले के मुकाबले इस बार आधा समय लगता है। बाकी 33.33 लाख रुपये सिर्फ तीन वर्षों में बचाए जा सकते हैं।
- इस तरह 15 साल के बाद आप 1 करोड़ रुपये तक पहुंच जाएंगे। लगातार निवेश के साथ 21वें वर्ष तक आप 2.22 करोड़ रुपये बचा सकते हैं। यानी यह छह सालों में आपकी 1 करोड़ रुपये की राशि को दोगुना कर देगा।
- 22वें साल तक आप सिर्फ एक साल में 33 लाख रुपये जमा कर सकते हैं। इसका श्रेय चक्रवृद्धि ब्याज को जाता है। ध्यान दें कि इस उदाहरण में वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज का इस्तेमाल किया गया है।

### यह भी अहम

बदलती बाजार स्थितियों और रुझानों के साथ अपने निवेश को समायोजित करना महत्वपूर्ण है। यह गतिशील दृष्टिकोण जोखिमों को कम करने और अवसरों को भुनाने में मदद करता है। 8-4-3 नियम को समझने से विश्वसनीय दीर्घकालिक निवेशों के बारे में जानकारी मिलती है। इस नियम का पालन करने से जोखिम कम हो सकता है, महंगाई से बचाव हो सकता है और बाजार के अवसरों का लाभ उठाया जा सकता है। बाजार की स्थिति चाहे जो भी हो, धैर्य और अनुशासन के माध्यम से धीरे-धीरे धन अर्जित करना संभव है।

## स्मॉल-कैप फंड में निवेशकों का भरोसा बरकरार, बन रहे रिकॉर्ड

- मई में 2,724 करोड़ का निवेश हुआ, जो अप्रैल में 2,208.70 करोड़ ज्यादा
- इक्विटी एमएफ में मई महीने में निवेश 84% तक बढ़ा
- इक्विटी में निवेश बढ़कर 34,697 करोड़ रुपये पहुंचा
- लोगों ने सेक्टोरल व थेमेटिक फंड्स में खूब निवेश किया
- इस दौरान सेक्टोरल/थेमेटिक फंड्स में 272% इनफ्लो बढ़ा
- हालांकि, डेट म्यूचुअल फंड में नेट इनफ्लो 78% हुआ कम

जानकारी
बिजनेस डेस्क

इक्विटी म्यूचुअल फंड खासकर स्मॉल कैप फंडों में लोगों का उत्साह जारी है। तभी तो बीते मई महीने के दौरान इस निवेश में जोरदार बढ़त देखने को मिली। स्मॉल-कैप फंड में लगातार दूसरे महीने निवेशकों का रुझान बढ़ता दिखा। मई में 2,724 करोड़ रुपये का निवेश हुआ, जो अप्रैल में 2,208.70 करोड़ रुपये से अधिक है। ईएलएसएस और फोकस्ड फंड को छोड़कर सभी इक्विटी कैटेगरी ने मई में पोजिटिव इनफ्लो हुआ। हालांकि, ओपन-एंडेड म्यूचुअल फंड में ओवरऑल इनफ्लो मई में 54% घटकर 1.11 लाख करोड़ रुपये रह गया, जबकि अप्रैल में यह 2.40 लाख करोड़ रुपये था। वहीं देखा जाए तो इक्विटी म्यूचुअल फंड भी मई में 34,697 करोड़ रुपये के रिकॉर्ड हाई पर पहुंच गया है। यह आंकड़ा इससे पिछले महीने यानी अप्रैल के मुकाबले 83 फीसदी अधिक है। इससे पहले इसी साल अप्रैल महीने के दौरान इक्विटी म्यूचुअल फंड में 18,917 करोड़ रुपये का निवेश हुआ था।




**डेट फंड से पैसे निकाले :** बीते महीने डेट म्यूचुअल फंड में नेट इन्फलो में अच्छी-खासी गिरावट देखी गई। अप्रैल में यह 1.89 लाख करोड़ रुपये पर था जो कि मई महीने में 78% गिरकर 42,294 करोड़ रुपये रह गया। शॉर्ट-ड्यूरेशन फंड, मीडियम-ड्यूरेशन फंड, डायनेमिक बॉन्ड फंड, क्रेडिट रिस्क फंड, गिल्ट फंड और फ्लोटर फंड में निवेशकों ने पैसा निकला। फ्लोटर फंड (546.41 करोड़) और क्रेडिट रिस्क फंड( 540 करोड़) में सबसे अधिक निवेशकों ने पैसे निकाले।

### एसआईपी ने बनाया रिकॉर्ड

सिस्टेमेटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) के जरिए निवेश लगातार दूसरे महीने 20,000 करोड़ रुपये से अधिक रहा। एसआईपी के जरिए मंथली कांट्रिब्यूशन बढ़कर मई में 20,904 करोड़ रुपये हो गया। यह अप्रैल में 20,371 करोड़ रुपये था। इन स्कीम्स में मंथली निवेश लगातार दूसरे महीने 20,000 करोड़ रुपये से अधिक है।

### निवेशकों को मिला मौका

मई में आम चुनाव की प्रक्रिया चल रही थी। इस दौरान बीच-बीच में शेयर बाजार में करेक्शन हुआ। इस करेक्शन ने निवेशकों को बाजार में कुछ खरीदारी का मौका दिया। इसके अलावा, राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के नेतृत्व वाली सरकार के सत्ता में वापस आने की उम्मीद ने भी निवेशकों की खरीदारी को बढ़ावा दिया। आखिर कर एनडीए की सरकार भी बन गई।

### अब तक का सबसे अधिक निवेश

एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एएमएफआई) की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक, इस साल मई महीने के दौरान इक्विटी म्यूचुअल फंड में अब तक का सबसे अधिक निवेश हुआ है। इसकी वजह न्यू फंड ऑफर (एफएफओ) और सेक्टोरल/थेमेटिक स्कीम में 272% की मजबूत वृद्धि देखी गई। इन स्कीम्स में मई में 19,213.43 करोड़ रुपये का इनफ्लो रहा। अप्रैल में यह 5,166.05 करोड़ रुपये था। मई महीने में एनएफओ के जरिए निवेश बढ़कर 10,140 करोड़ रुपये हो गया है। अप्रैल में 1,536 करोड़ से यह काफी अधिक है।

## म्यूचुअल फंड स्कीम, मुनाफा देने में स्टॉक मार्केट को दे रही टक्कर

- सीधे स्टॉक मार्केट में निवेश की तुलना में सुरक्षित भी
- इक्विटी म्यूचुअल फंड में भी निवेश की कई कटेगरी
- लार्जकैप, मिडकैप व स्मॉलकैप फंड के जरिए निवेश
- रिटर्न देने में भी किसी से पीछे नहीं है एमएफ

आप भी निवेशक हैं या निवेश करने जा रहे हैं तो जरा ठहरिये। निवेश से पहले एक बार बाजार का रुख देख लें। अपनी रिस्क क्षमता और लक्ष्य का चुनाव कर लें। क्योंकि पैसा कमाने का कोई छोटा रास्ता नहीं होता है। हां अब धैर्य और प्लानिंग के साथ निवेश किया जाए तो आपको कुछ ही समय में पैसे वाला बना सकता है। इसलिए जरूरी है कि निवेश करते समय अलर्ट रहें, ताकि आपको नुकसान न हो। क्या आपको किसी स्कीम या विकल्प में पैसा लगाकर सिर्फ एक साल में 60 फीसदी या 70 फीसदी रिटर्न मिला है। जब इतने हाई रिटर्न की बात होती है मन में अक्सर स्टॉक मार्केट का ध्यान सबसे पहले आता है, लेकिन बहुत से निवेशक स्टॉक मार्केट में शामिल रिस्क को देखकर डर जाते हैं या उन्हें स्टॉक मार्केट की बहुत अच्छी जानकारी नहीं होती है। ऐसे में वे निवेश का फैसला नहीं ले पाते, लेकिन एक और विकल्प है, जो स्टॉक मार्केट की तुलना में काफी हद तक सुरक्षित माना जाता है और रिटर्न देने के मामले में भी कहीं से पीछे नहीं है। हम बात कर रहे हैं म्यूचुअल फंड बाजार की, जहां कई ऐसी स्कीम मौजूद हैं, जिनका एक साल का रिटर्न 65 फीसदी से 77 फीसदी रहा है। इस रिपोर्ट में हम आपको बताने जा रहे हैं म्यूचुअल फंड कर कुछ ऐसी स्कीम जो मुनाफा देने में स्टॉक मार्केट को भी कड़ी टक्कर दे रही हैं। इन योजनाओं में निवेश कर आप भी अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं और कम समय में ही अमीर यानी करोड़पति भी बन सकते हैं।

योजना
बिजनेस डेस्क

### वर्ष में रिटर्न देने में टॉप स्कीम

- क्वांट मिडकैप फंड : 76.53%
- बंधन स्मॉलकैप फंड : 71.95%
- आआर्टीआई मिडकैप फंड : 71.80%
- एबीएसएल निफ्टी स्मॉलकैप 50 इंडेक्स : 71.09%
- क्वांट लार्ज एंड मिडकैप फंड : 69.62%
- आईटीआई स्मॉलकैप फंड : 67.98%
- आईसीआईसीआई प्रू भारत 22 एफओएफ : 67.32%
- क्वांट स्मॉलकैप फंड : 66.18%
- बैंक ऑफ इंडिया फ्लेक्सी कैप फंड : 65.54%
- जेएम फ्लेक्सी कैप फंड : 65.34%

### सीधे स्टॉक में पैसा लगाने से ज्यादा सुरक्षित

बाजार के जानकारों के अनुसार म्यूचुअल फंड में निवेश, सीधे स्टॉक मार्केट में निवेश की तुलना में एक सुरक्षित विकल्प माना जाता है। इक्विटी म्यूचुअल फंड में भी स्टॉक मार्केट की तरह ही अलग-अलग कैटेगरी हैं। मसलन लार्जकैप, मिडकैप या स्मॉलकैप फंड। जो निवेशक सीधे स्टॉक मार्केट में निवेश का रिस्क नहीं लेना चाहते हैं, लेकिन ज्यादा रिटर्न की इच्छा रखते हैं, उनके लिए म्यूचुअल फंड बेहतर विकल्प है। असल में किसी म्यूचुअल फंड स्कीम में अलग अलग कंपनियों के स्टॉक शामिल होते हैं। वहीं, कुछ स्कीम में अलग अलग सेक्टर से अलग अलग स्टॉक निवेश के लिए चुने जाते हैं।



### फंड मैनेजर की देखरेख में होता है निवेश

म्यूचुअल फंड की एक और खासियत है कि इसमें कुशल फंड मैनेजर की देखरेख में निवेश किया जाता है। फंड मैनेजर अपनी स्टडी या रिसर्च के आधार पर किसी म्यूचुअल फंड के पोर्टफोलियो में शेयरों को शामिल करता है। उनका ध्यान मजबूत ग्रोथ वाली और मुनाफा कमाने वाली कंपनियों पर होता है, ताकि इसका फायदा स्टॉक में ग्रोथ के रूप में मिले। किसी एक स्टॉक में पैसा लगाने की बजाए फंड मैनेजर अलग-अलग सेक्टर के मजबूत फंडामेंटल वाले शेयरों का चयन करता है। इसमें एक और सुविधा है कि अगर एकमुश्त पैसा नहीं लगाना चाहते तो सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान के जरिए मंथली बेसिस पर निवेश कर सकते हैं।

### लगातार बढ़ रही है पॉपुलैरिटी

म्यूचुअल फंड्स की लोकप्रियता निवेशकों में बढ़ रही है। एएमएफआई के आंकड़ों के मुताबिक मई 2024 में इक्विटी म्यूचुअल फंड्स में निवेश 84 फीसदी उछलकर रिकॉर्ड 34,670.9 करोड़ रुपये हो गया, जबकि अप्रैल में 18,888 करोड़ रुपये रहा। सेक्टोरल फंड्स में मंथली बेसिस पर 272 फीसदी इनफ्लो बढ़ा है। डेट म्यूचुअल फंड्स में 42,295 करोड़ का निवेश आया। म्यूचुअल फंड में न्यू फंड ऑफर (एनएफओ) के जरिए 10,140 करोड़ का निवेश आया है। म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री का एयूएम मंथली बेसिस पर 2.9 फीसदी बढ़कर 58.91 लाख करोड़ हो गया है।

### मई में यह रहा इनफ्लो

मई 2024 में इक्विटी कैटेगरी में फ्लेक्सी फंड्स में 3,155.07 करोड़ का इनफ्लो रहा। स्मालकैप फंड्स में 2,724.67 करोड़, मल्टीकैप फंड्स में 2,644.88 करोड़, मिडकैप फंड्स में 2,605.70 करोड़, लार्च एंड मिड कैप में 2,396.91 करोड़, वैल्यू/कॉन्ट्रा फंड में 1,404.34 करोड़, लार्ज कैप में 663 और डिविडेंड यील्ड फंड में 445.2 करोड़ का इनफ्लो हुआ।

### इसलिए करें म्यूचुअल फंड में निवेश

आप किसी भी दिन कितने भी म्यूचुअल फंड खरीद और बेच सकते हैं, जबकि यह बैंक एफडी, पीपीएफ या बीमा को आप सरकारी छुट्टी या रविवार को नहीं खरीद बेच सकते हैं। म्यूचुअल फंड आपको कम निवेश में कई स्टाक और बांड लेने की सुविधा देता है। आप जिस म्यूचुअल फण्ड में निवेश करते हैं उस फण्ड में से किसी एक जगह पैसा नहीं लगाया जाता है।

**अलर्ट** इंश्योरेंस बीमा खरीदते समय अक्सर इसे निवेश समझ बैठते हैं, इसके कारण लंबी अवधि में काफी नुकसान उठाना पड़ सकता है

**निवेश के लक्ष्य से भटकें नहीं, पैसा बढ़ाने के लिए हमेशा धैर्य रखें और आगे बढ़ते जाएं**


## बीमा और निवेश को नहीं करें घालमेल, वरना होगा नुकसान फायदे में रहना है तो निवेश व बीमा हमेशा अलग-अलग रखें

वित्तीय प्लानिंग
बिजनेस डेस्क

इंश्योरेंस कवरेज यानी बीमा और निवेश को (घालमेल) करना ठीक नहीं है। ऐसा करने से आप अपने निवेश के लक्ष्य से भटक जाएंगे और काफी नुकसान उठाना पड़ सकता है। बीमा और निवेश के अपने अपने लाभ हैं। इसलिए दोनों को अलग-अलग ही रखें और अपनी जरूतों को पूरा करें। अक्सर लोग पॉलिसी खरीदते समय सबसे बड़ी भूल कर बैठते हैं वह है इंश्योरेंस प्लान में उसकी मेच्योरिटी वैल्यू या निवेश पर रिटर्न की तलाश करना। दरअसल, ऐसी सोच एक बड़ी गलतफहमी का नतीजा है, जो बड़ी संख्या में लोगों को रहती है। ये गलतफहमी है बीमा पॉलिसी को निवेश की तरह देखने की। बीमा खरीदने वाले मैच्योरिटी बेनिफिट और रिटर्न को एक्स्ट्रा बेनिफिट की तरह देखते हैं तो निवेश करने वाले इंश्योरेंस को अतिरिक्त लाभ मान लेते हैं, लेकिन सच यह है कि बीमा और निवेश में घालमेल करने की यह मानसिकता लंबी अवधि में आर्थिक तौर पर भारी नुकसान करा सकती है। इसलिए बीमा करवाते और निवेश करते समय यह ध्यान रखें।

### बीमा को निवेश समझना क्यों गलत

जानकारों का मानना है कि सबसे पहले यह समझना जरूरी है कि बीमा पॉलिसी को निवेश की तरह देखना गलत है। ऐसा इसलिए क्योंकि जब आप अपने पैसे कहीं निवेश करते हैं, तो आप वहां से रिटर्न हासिल करने की उम्मीद करते हैं। इसी उम्मीद की वजह से लोग बीमा कंपनी को दिए गए प्रीमियम के बदले में रिटर्न या मेच्योरिटी बेनिफिट खोजने लगते हैं। इसी चक्कर में वे कम कीमत में ज्यादा कवरेज देने वाले टर्म प्लान को रिजेक्ट करके ऐसे एंडोमेंट प्लान को चुन लेते हैं, जिनमें उन्हें जीवित रहने पर सर्वाइवल बेनिफिट के तौर पर कुछ पैसे मिल जाते हैं। उन्हें लगता है कि टर्म प्लान खरीदने में कोई फायदा नहीं है, क्योंकि उसमें कोई सर्वाइवल बेनिफिट नहीं मिलता है। ऐसा सोचने वाले निवेशकों को यह ध्यान नहीं रहता कि एंडोमेंट पॉलिसी में उन्हें काफी ऊंचा प्रीमियम देने के बावजूद कम कवरेज से काम चलाना पड़ता है, जबकि प्योर टर्म इंश्योरेंस पॉलिसी उन्हें बेहद कम प्रीमियम में अच्छा-खासा कवरेज देती है। टर्म इंश्योरेंस जीवन बीमा का सबसे सस्ता और सबसे अच्छा रूप है, क्योंकि जीवन बीमा का मकसद रिटर्न पाना नहीं, आर्थिक सुरक्षा हासिल करना है।



### कैसे लें पूरा लाभ

अगर बीमा और निवेश को अलग-अलग रखना है, तो दोनों का पूरा लाभ लेने का सही तरीका क्या होगा? आखिर अगर आप एंडोमेंट प्लान के लिए ऊंचा प्रीमियन भरने को तैयार हैं, तो बेहतर होगा अगर आप उसी रकम को दो हिस्सों में बांट लें। एक हिस्सा टर्म प्लान के जरिए बड़ा इंश्योरेंस कवरेज खरीदने पर खर्च करें और बाकी रकम को किसी इक्विटी म्यूचुअल फंड में एसआईपी के जरिए निवेश करें। इस तरह आप उतनी ही रकम खर्च करके ज्यादा कवरेज हासिल कर लेंगे और निवेश की सही रणनीति अपनाकर ऊंचा रिटर्न भी ले पाएंगे।

### इसे ऐसे समझें

अगर 30 साल का व्यक्ति अगर 65 साल की उम्र तक कवरेज देने वाले 1 करोड़ रुपये का टर्म प्लान खरीदना चाहे तो उसका सालाना प्रीमियम महज 12 हजार रुपये से शुरू होता है। जबकि एंडोमेंट प्लान में इतना ही कवरेज खरीदने के लिए उसे सालाना करीब 2.80 लाख रुपये का प्रीमियम देना पड़ेगा। इस प्लान में उसे 65 साल की उम्र में यानी 35 साल बाद 1 करोड़ रुपये का सम एश्योर्ड, 1.68 करोड़ रुपये का बोनस और 2.30 करोड़ रुपये का फाइनल बोनस एडिशन मिलाकर मैच्योरिटी बेनिफिट के तौर पर कुल 4.98 करोड़ रुपये मिलेंगे. जबकि 35 साल में उसने करीब 98 लाख रुपये प्रीमियम के तौर पर चुकाए होंगे. यानी अपने निवेश पर करीब 4 करोड़ रुपये का लाभ होगा। ये कैलकुलेशन एक प्रमुख बीमा कंपनी के एंडोमेंट प्लान कैलकुलेटर पर आधारित हैं।

### टर्म प्लान + म्यूचुअल फंड का कंबिनेशन

अब जानते हैं कि 30 साल का वही निवेशक अगर सालाना 2.80 लाख रुपये की उसी रकम को टर्म प्लान और इक्विटी म्यूचुअल फंड में बांटकर निवेश करे, तो क्या होगा? क्या वो एंडोमेंट प्लान के मुकाबले ज्यादा कवरेज और रिटर्न दोनों हासिल कर सकता है? 30 साल का व्यक्ति चाहे तो करीब 20 हजार रुपये के सालाना प्रीमियम में ऑनलाइन पोर्टल्स के जरिए 2 करोड़ रुपये का टर्म प्लान खरीद सकता है। बाकी बचे 2.60 लाख रुपये अगर 21,666 रुपये के मंथली एसआईपी के जरिए हर साल ईएलएसएस में निवेश किए जाएं, तो 12 फीसदी के कंजर्वेटिव सालाना रिटर्न के आधार पर भी 35 साल में उसके निवेश की कुल वैल्यू 14.07 करोड़ रुपये से अधिक हो जाएगी, जबकि इन 35 वर्षों के दौरान उसकी तरफ से निवेश की गई कुल रकम करीब 91 लाख रुपये होगी। यानी उसे अपने निवेश पर करीब 13 करोड़ रुपये से ज्यादा का मुनाफा होगा। वो भी एंडोमेंट प्लान के मुकाबले दोगुना इंश्योरेंस कवरेज खरीदने के बाद।

### बेहतर कवरेज के साथ हाई रिटर्न

यह कैलकुलेशन किसी खास स्कीम के आधार पर नहीं, बल्कि ऑनलाइन इंश्योरेंस पॉलिसी बेचने वाले पोर्टल पर दिए शुरुआती प्रीमियम के मोटे अनुमान पर आधारित है। इसलिए पॉलिसी खरीदते समय वास्तविक रकम इससे थोड़ी-बहुत अलग हो सकती है। फिर भी टर्म प्लान और एंडोमेंट प्लान के प्रीमियम के बीच भारी अंतर तो बना ही रहेगा। एंडोमेंट प्लान का एक बड़ा नुकसान यह भी है कि भारी प्रीमियम की वजह से कई बार लोग जितना इंश्योरेंस लेना चाहिए, उतना नहीं खरीद पाते हैं, जिसका खामियाजा किसी अनहोनी की हालत में उनके परिवार को उठाना पड़ सकता है। इसीलिए सही रणनीति यही है कि बीमा और निवेश को अलग-अलग रखें, ताकि इंश्योरेंस में सबसे बेहतर कवरेज और इनवेस्टमेंट में हाई रिटर्न, दोनों का पूरा-पूरा फायदा ले सकें। निवेश का अंतिम फैसला करते समय इक्विटी फंड में इनवेस्टमेंट से जुड़े मार्केट रिस्क को भी जरूर ध्यान में रखें।

## खबर संक्षेप

### स्वीमिंग में एक्वा क्लब का रनरनअप ट्रॉफी पर कब्जा

**सिरसा।** हरियाणा स्विमिंग एसोसिएशन के तत्वावधान में डेरा सच्चा सौदा में स्थित स्वीमिंग पूल में जिला स्तरीय स्विमिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिला स्तरीय स्विमिंग प्रतियोगिता में अनुष्का नुईयां ने सात स्वर्ण व दो रजत पदक जीत कर प्रतियोगिता में श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। इसी प्रकार यूपनजोत सिंह थिंद ने आठ स्वर्ण व दो रजत पदक जीतकर लड़कों के वर्ग में श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में यश ने चार स्वर्ण, एक रजत व एक कांस्य जीता। आतिश ने पांच स्वर्ण व पांच रजत पदक प्राप्त किए, चिराग ने तीन स्वर्ण पदक, अमायरा ने एक कांस्य, अदब ने एक रजत व एक कांस्य, गुरांश ने एक रजत व एक कांस्य, काव्यान ने एक रजत व एक कांस्य, जयश्री ने चार रजत व दो कांस्य, मीक्षा ने एक रजत व एक कांस्य, आदित्या ने एक रजत व दो कांस्य पदक प्राप्त किए। इस प्रकार एक्वा क्लब के खिलाड़ियों ने 27 स्वर्ण, 19 रजत व 11 कांस्य पदक जीतकर रनरअप ट्रॉफी पर कब्जा किया।

### महेश नवमी पर कार्यक्रम का आयोजन

**सिरसा।** माहेश्वरी समाज के उत्पति दिवस महेश नवमी पर शनिवार को रानियां रोड स्थित माहेश्वरी भवन में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। यह जानकारी देते हुए माहेश्वरी चैरिटी ट्रस्ट के प्रवक्ता राम माहेश्वरी ने बताया कि इस कार्यक्रम में माहेश्वरी समाज के गणमान्यजनों ने भगवान महेश की स्तुति की और महादेव से सर्वमंगल के कल्याण की कामना की। यहां पूजा अर्चना के बाद अनाज मंडी रोड पर भगवान शनिदेव मंदिर के सामने महेश राठी की दुकान के आगे ठंडे मीठे पानी की छबील लगाई गई। इस दौरान माहेश्वरी समाज के प्रबुद्धजन आनंद बियाणी, डा. जीएस सोमानी, महेश राठी, मुकेश मंत्री, शिवकुमार मंत्री, संजय बागड़ी, सुशील मुंदड़ा, नारायण राठी, राजेन्द्र राठी, प्रेम मालपानी, वीरेन्द्र माहेश्वरी, नकुल मोहंता, पदम बियाणी, राजीव चांडक, हरीश बियाणी, प्रतीक राठी, नवीन राठी, रवि राठी, रूपेश मरदा, श्याम सुंदर चांडक, राजकुमार मुंदड़ा आदि ने अपने विचार प्रकट किए।

## मंदिर परिसर में महिलाओं व पुरुषों ने बालाजी की महिमा का गुणगान किया

# श्री सालासर बालाजी दरबार नाथूसरी चोपटा में उमड़े श्रद्धालु

**श्री सालासर बालाजी दरबार नाथूसरी चोपटा में शनिवार को श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला सुबह से ही शुरू हो गया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चोपटा

नाथूसरी चोपटा स्थित श्री सालासर बालाजी दरबार मंदिर में शनिवार को श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की और मन्नत पूरी होने पर प्रसाद चढ़ाया। मंदिर परिसर बड़ी संख्या में आई हुई महिलाओं व पुरुषों ने बालाजी की महिमा का गुणगान किया। मान्यता है कि मंदिर में बालाजी की पूजा करने से मनोकामना पूर्ण होने के साथ-साथ कष्टों से छुटकारा मिलता है। यह जानकारी देते हुए श्री सालासर बालाजी दरबार नाथूसरी चोपटा के मुख्य पुजारी सेवक लालचंद जी ने बताया कि दरबार में हजारों की संख्या में बालाजी के भकत पूजा अर्चना करने के लिए आते हैं। इसी कड़ी में शनिवार को सिरसा, फतेहाबाद हिसार जिलों सहित निकटवर्ती राजस्थान के गांवों से आए श्रद्धालुओं ने बालाजी की प्रतिमा के समक्ष धोक लगाई और मन्नतें मांगी। उन्होंने बताया कि सालासर बालाजी दरबार में सालासर के बालाजी, हनुमान जी, श्री राम दरबार में भगवान श्री राम, माता जानकी और लक्ष्मण की मूर्तियां स्थापित है इसके अलावा भगवान गणेश, राधा कृष्ण, भक्त मोहन दास और शिवलिंग स्थापित किया गया है जिन पर श्रद्धालु पूरी श्रद्धा भाव से नमन करते हैं।

भक्तों द्वारा नारियल, मिठाई का प्रसाद व सोने चांदी के छत्र इत्यादि चढ़ाए जाते हैं। उन्होंने बताया कि श्री सालासर बालाजी दरबार नाथूसरी चोपटा में शनिवार को श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला सुबह से ही शुरू हो गया और श्रद्धालु कारों, गाड़ियों मोटरसाइकिलों पर चढ़कर पहुंचे। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के लिए पेयजल इत्यादि की व्यवस्था कमेटी द्वारा की जाती है।



सिरसा। मंदिर में पूजा-अर्चना करते श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

## केस रद्द करने की मांग को लेकर शुरू किया अनशन

■ डीएसपी के आश्वासन पर रामपुरा बिश्नोइयां के ग्रामीणों ने अनशन किया समाप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डबवाली

उपमंडल के गांव रामपुरा बिश्नोईयों में एक गाय के साथ हुए कुकर्म के मामले में नया विवाद खड़ा हो गया है। आरोप है कि इस शर्मनाक घटना से आक्रोशित कुछ ग्रामीणों ने कुकर्म करने वाले आरोपी युवक बकील के घर पर धावा बोलकर घर में तोड़फोड़ कर दी। इसे लेकर आरोपी बकील के पिता जगसीर सिंह ने थाना सदर पुलिस में मामला दर्ज करवाया है। जगसीर सिंह का आरोप है कि उसका बेटा बकील कुकर्म के मामले में पुलिस गिरफ्त में है। लेकिन इस दौरान सरपंच कुलदीप, दीपू मेघवाल, देसराज व 20-30 अन्य लोगों ने उनके घर पर धावा बोल दिया और घर तोड़ दिया। आरोप है कि धावा बोलने वाले ग्रामीणों ने नए केवल बकील के घर पर तोड़फोड़ की बल्कि उसके एक रिश्तेदार सोनी के घर की दीवार भी तोड़ दी।

सदर पुलिस ने जगसीर सिंह की शिकायत पर कुलदीप सरपंच दीपू मेघवाल देसराज वह 20-30 अन्य लोगों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 147, 148,149,427 व 452 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। उधर मामला दर्ज होते ही गांव रामपुरा बिश्नोईयां के ग्रामीणों में रोष फैल गया। ग्रामीणों का आरोप है कि अन्य रा'य से आकर कुछ लोग कुकर्म के आरोपियों का साथ दे रहे हैं। आरोपी का कोई भी घर यहां नहीं है। ग्रामीणों पर पुलिस ने गलत तरीके से मामला दर्ज किया है। इसे लेकर ग्रामीणों ने रोष जताते हुए पंचायत घर में अनशन शुरू कर दिया। गांव के लोगों का कहना है कि पुलिस ग्रामीणों पर दर्ज केस रद्द करें। गांव में माहौल खराब करने वाले बाहरी लोगों को खदेड़ा जाए। कुकर्म मामले पर पुख्ता कार्रवाई की जाए। गांव के पूर्व सरपंच सोमदत्त ने बताया कि इस मामले में डीएसपी किशोरी लाल के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने अनशन समाप्त कर दिया है। सोमदत्त के मुताबिक आरोपी युवक का गांव में कोई भी घर नहीं है। वह जोहड़ की जमीन पर एक झोपड़ी में रहता था। ऐसे में उसके किसी घर को तोड़ने का सवाल पैदा नहीं होता। सोमदत्त के मुताबिक डीएसपी ने जांच के बाद मुकदमा रद्द करने का आश्वासन दिया है जिससे ग्रामीणों ने अनशन समाप्त कर दिया।

## लड़कियों को सेल्फ डिफेंस की जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

पुलिस की महिला जागरूकता टीम की इंचार्ज इंस्पेक्टर सरोज के नेतृत्व में शनिवार को फतेहाबाद शहर के आईसीएस कोंचिग सेन्टर में पहुंचकर लड़कियों को सेल्फ डिफेंस, डायल 112, साइबर क्राइम, गुड टच व बेड टच के विषय में जानकारी देकर जागरूक किया गया। कार्यक्रम में महिला इंस्पेक्टर सरोज ने कहा कि फतेहाबाद पुलिस महिलाओं की सुरक्षा हेतु सदैव तत्पर रहती है। अब छात्राओं को किसी प्रकार से डरने की जरुरत नहीं है, अगर आपके साथ किसी प्रकार की कोई गलत हरकत होती है तो तुरन्त आप पुलिस के हेल्पलाईन नम्बरपर बता सकती है। उन्होंने उपस्थित छात्राओं और सेन्टर स्टाफ को नशे से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में बताया। उन्होंने यातायात के नियमों का पालन न करने के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए कहा कि यातायात नियमों का पालन न करने से खुद को तो जोखिम में डालते ही है, साथ में दूसरों को भी नुकसान पहुंचाता है। हमें यातायात नियमों का पालन न केवल पुलिस से बचने के लिए बल्कि अपनी और दुसरों के सुरक्षा के लिए भी करना चाहिए। सब का जीवन अनमोल है, इसलिए जरा सी नादानी में की गई लापरवाही हमारे जीवन में बड़ी समस्या खड़ी कर देते है, इसलिए हमें यातायात नियमों का सख्ती से पालन करना चाहिए। महिला जागरूकता टीम इंचाज इंस्पेक्टर सरोज ने छात्राओं को आत्मरक्षा के तौर तरीके भी सिखाए गए व शारीरिक/ मानसिक तौर पर मजबूत होने बारे सलाह दी।



फतेहाबाद। छात्राओं को जागरूक करते इंस्पैक्टर सरोज। फोटो : हरिभूमि

## नरेंद्र मोदी का लगातार तीसरी बार पीएम बनना ऐतिहासिक: रणजीत सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

ऊर्जा मंत्री रणजीत सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के देश का तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर जिलावासियों को शुभकामनाये व बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह अपने आप में ऐतिहासिक है कि नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बने है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की दुनियां में अलग पहचान बनी हैं। उनकी इसी काबिलियत के चलते देश की जनता ने उन्हें तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाकर उनमें अपनी आस्था व्यक्त की है। ऊर्जा मंत्री पीडब्लूडी रेस्ट हाउस में आयोजित कार्यक्त्रम में उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से जनसरोकार के कायोंर् का प्राथमिकता के साथ आगे ब?ा रही है। पारदर्शिता के साथ पात्र लोगों तक योजनाओं का सीधा लाभ पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जनहितैषी सोच के साथ पूर्व मुख्यमंत्री मनोहरलाल द्वारा शुरु की गई जनकल्याण कि योजनाओं को मुख्यमंत्री नायब सिंह प्रभावी रूप से आगे ब?ाने का काम कर रहे है। सबका साथ-सबका विकास की तर्ज पर सभी हलकों में समान विकास कार्य हुये है और इस दिशा में प्रदेश तेजी से आगे ब? रहा है। इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन जगदीश चोप?ा, रेणु शर्मा, गगनदीप सिंह चौटाला, सूर्यप्रकाश चौटाला, भूपेश महता, बलवान जांग?ा सहित विभिन्न गांवों के सरपंच व गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।



सिरसा। रेस्ट हाउस में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते मंत्री रणजीत सिंह।

## एसोसिएशन ने चीफ पैटर्न के योगदान को सराहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

सेवानिवृत्त रेल कर्मचारी एसोसिएशन उत्तर पश्चिम रेलवे सिरसा शाखा की एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता परशराम ने की। बैठक में चंदूलाल, चंदूलाल डाबला, साधुराम, बहादर सिंह, पूर्ण प्रकाश, कुलभूषण, शिवदयाल, उदेयराम, अर्जुन, लीलूराम, रमेश ड्राइवर, रमेश ट्रालीमैन, रमेश मिस्त्री, चरणदास, महेश कुमार, राजेंद्र प्रसाद व अन्य शामिल रहे।

एसोसिएशन के शाखा सचिव लक्ष्मी नारायण खर्रा ने पेंशनर्स एसोसिएशन के चीफ पैटर्न व एनएफआइआर के महासचिव डा. एम. रघुवैया के 89वें जन्मदिन पर बताया कि उन्होंने हमेशा कर्मचारियों के हितों की लड़ाई लड़ी। वे पिछले 27 वषार्ें से महासचिव के रूप में मजदूरों की आवाज बुलंद कर रहे है। खर्रा ने बताया कि डा. एम. रघुवैया ने कर्मचारियों की छोटी-छोटी समस्या को समझा और उसे रेल अधिकारियों के समक्ष रखकर उनका निदान करवाया। पेंशनर्स की समस्याओं का रेलवे बोर्ड से निदान करवाते है। उन्होंने बताया कि डा. रघुवैया के प्रयासों से ही रेलवे के ट्रैकमैन और प्वाइंटसमैन को जीपी 4200 मिल रहा है। गुरप डी के कर्मचारियों को एसी-3 का सुविधा पास मिल रहा है। उन्होंने बताया कि जीपी-1900 वाले कर्मचारियों को ड्यूटी पास एसी-3 का पास हासिल हो पा रहा है।

## शिरोमणि भगत धन्ना के गांव के लिए जत्था रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

शिरोमणि भगत धन्ना जागृति मंच के बैनर तले शनिवार को अलसुबह जाट धर्मशाला से एक जत्था धार्मिक यात्रा के लिए रवाना हुआ। मंच के संरक्षक महेंद्र घणघस ने बताया कि यह जत्था भगत धन्ना के गांव धुआं कलां राजस्थान जाएगा। भगत धन्ना के गांव की मिट्टी को नमन करने के अलावा उनके गांव में भगत धन्ना के बारे में विस्तार से जानकारी हासिल की जाएगी। इस धार्मिक यात्रा को जननायक चौ. देवीलाल विद्यापीठ के महानिदेशक प्रो. कुलदीप सिंह ढींडसा ने झंडी दिखाकर रवाना किया। डॉ. ढींडसा ने कहा कि धार्मिक स्थलों की यात्राएं हमें अध्यात्म के साथ जोड़ती है और हमें सद्मार्ग पर चलने के लिए प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि भगत धन्ना के सादगी वाला जीवन अब भी लोगों के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि सिरसा से भगत धन्ना जी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए जो इस मंच का गठन हुआ है, अवश्य है आने वाले समय में यह मंच सफलता हासिल करेगा और युवाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत बनेगा। इस धार्मिक भ्रमण के बाद सोमवार को जत्था सिरसा लौटेगा। मंच के प्रधान अमरीक सिंह राही व मंच के फाउंडर डॉ. राजेंद्र कड़वासरा कर रहे हैं। इस अवसर पर मंच के प्रधान अमरीक सिंह राही, मंच के फाउंडर डॉ. राजेंद्र कड़वासरा, यात्रा के संयोजक कमलदीप शर्मा, अजमेर सिंह सिद्धू, सुभाष लूणा, अभिनव पूनियां, महेंद्र घणघस, सुखविंद्र सिंह, राम किशन खोथ, अजीत सिंह, राजपाल कड़वासरा, रेशम सिंह, शिंगारा सिंह, लखविंद्र सिंह, जितान दत्त, कृष्ण सरपंच रत्ताखेड़ा, कमलदीप पन्नीवाला, इंद्रपाल कस्वां पन्नीवाला, कुलदीप ऐलनाबाद, सुरेंद्र कड़वासरा आदि उपस्थित थे।



सिरसा। प्रो. कुलदीप ढींडसा भगत धन्ना जागृति मंच के जत्थे का हरी झंडी

## मिठड़ी में लोगों को नशे के खिलाफ किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ओढां

अंतरराष्ट्रीय नशा निषेध दिवस के अवसर पर जिला पुलिस द्वारा 12 जून से 26 जून तक विशेष कार्यक्रम आयोजित कर नशे के खिलाफ लोगों में जागरूकता को लेकर अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में आज थाना ओढ़ा पुलिस ने गांव मिठड़ी के प्रांगण में लोगों को इकट्ठा कर नशे से होने वाले आर्थिक व शारीरिक हानि बारे में बताया। इस अवसर पर थाना प्रभारी अनिल सोढ़ी ने कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है और इसे अपने बच्चों को दूर रखें। उन्होंने कहा कि आजकल युवा गलत संगत में पड़कर नशे का शिकार हो जाता है जिससे वह अपनी जिंदगी को बर्बाद कर लेता है और आज का युवा बीड़ी सिगरेट इत्यादि के छोटे नशो का प्रयोग करके बड़े नशे करने लग जाता है फिर वह नशे आदि का शिकार होकर चोरी, स्नैचिंग तथा छोटे-बड़े अपराध को अंजाम देने लग जाता है और वह अपनी जिंदगी के साथ-साथ अपने परिवार को भी बर्बाद कर देता है। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि अगर आपके परिवार या पड़ोस में कोई नशे का सेवन करता है तो जिला पुलिस द्वारा बनाई गई नशा मुक्ति टीम से सम्पर्क कर उन्हें दवाई दिलवाये या जरुरत पड़ने पर नजदीकी नागरिक अस्पताल जाकर नशा मुक्ति केंद्र में दाखिल करवा कर उनका इलाज करवाएं और युवा पीढ़ी को गलत संगत में पढ़ने से बचाएं।

## स्वस्थ शरीर के लिए नियमित योग जरूरी

■ जिला व खंड स्तर पर होगा योग कार्यक्त्रमों का भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

उपायुक्त आर.के सिंह ने कहा कि योग केवल एक दिन के लिए नहीं बल्कि इसे जीवन की दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। स्वस्थ शरीर के लिए नियमित रूप से योगाभ्यास करना जरूरी है। उपायुक्त शनिवार को स्थानीय शहीद भगतसिंह स्टेडियम में आयोजित कॉमन योग प्रशिक्षण कार्यक्त्रम में भाग लिया व योग प्रोटोकॉल का अभ्यास किया। इस दौरान अधिकारियों-कर्मचारियों के साथ-साथ आमजन ने भी योगभ्यास किया। उपायुक्त ने कहा कि 21 जून को अंतराष्ट्रीय दिवस पर आयोजित होने वाले योग कार्यक्रमों को लेकर जोरों से तैयारियां की जा रही हैं।

उन्होंने कहा कि जिला से साथ-साथ ब्लॉक स्तर पर भी योग कार्यक्त्रम आयोजित किए जाएंगे। जिला स्तरीय योगा कार्यक्त्रम शहीद भगत स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस बार अंतराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्त्रम का थीम स्वयं व समाज के लिए योग है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्त्रम को लेकर चल रहे अधिकारियों व कर्मचारियों के तीन दिवसीय कॉमन योगा प्रोटोकॉल प्रशिक्षण कार्यक्त्रम का समापन हो गया। प्रशिक्षण कार्यक्त्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों ने भाग लिया व योगा प्रोटोकॉल का अभ्यास किया। योग विशेषज्ञ आचार्य मांगे राम ने कॉमन योगा प्रोटोकॉल की सभी योग क्त्रिया व आसन का अभ्यास करवाया। इस अवसर पर सीईओ जिला परिषद सुभाष चंद्र, सीएमओ डॉ महेंद्र सिंह भादू, डॉ. राजेश चौधरी, डॉ. बुधराम, जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ राजकुमार, जिला योग कॉर्डिनेटर डॉ सुरेन्द्रपाल व योग विशेषज्ञ आचार्य मांगे राम सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।



सिरसा। कॉमन योग प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेते उपायुक्त आरके सिंह।

## वनों की कटाई से ग्लोबल वार्मिंग का बढ़ रहा संकट

## कामरेड कृष्ण स्वरूप की 75वीं जयंती पर किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

आज हम जिस जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग संकट का सामना कर रहे हैं, उसके पीछे वनों की कटाई एक प्रमुख कारक है। इसके कारण कई प्राकृतिक आपदाएं हुई हैं, जिससे पारिस्थितिक असंतुलन, रेगिस्तानीकरण, मिट्टी का कटाव, फसल की पैदावार में कमी, बाढ़, वायुमंडल में ग्रीनहाउस गैसों में वृद्धि और पौधों और जानवरों की कई प्रजातियों का विलुप्त होना आम बात हो गई है। चूंकि पेड़ वातावरण से कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित करते हैं, इसलिए ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन को रोकने के लिए वृक्षारोपण सबसे प्रभावी जैविक तरीका है। यह बात डॉ विनीत पूनिया, सचिव भारतीय राष्ट्रीय कॉंग्रेस ने कामरेड कृष्ण स्वरूप गोरखपुरिया की 75वीं जयंती के उपलक्ष्य में कामरेड पुस्तकालय गोरखपुर में पौधारोपण करते हुए कही। उन्होंने कृष्ण स्वरूप गोरखपुरिया को याद करते हुए कहा कि कृष्ण स्वरूप गोरखपुरिया अपने 50 साल के राजनीतिक जीवन में जनमानस को समानता का अधिकार दिलाने व संघर्ष में लगे रहे।

उन्होंने शिक्षा को मानव जीवन का आधार माना। उनकी यादगार में ही गांव में पुस्तकालय का संचालन किया जा रहा है, जिससे गांव के बच्चे पढ़कर अच्छे पदों को प्राप्त करके अपने परिवार व गांव का नाम रोशन करेंगे और नशे जैसी बुरी आदतों से भी बचे रहेंगे।

जिला परिषद प्रतिनिधि डॉ. जसमेर सिवाच ने पुस्तकालय में 5 लाख के शेड की नींव रखी। कार्यक्रम का मंच संचालन मास्टर राममेहर सिवाच ने किया। इस अवसर पर कामरेड बलबीर, प्रोफेसर सुमन सिवाच, ममता सिवाच, सत्यवान नंबरदार, कामरेड मिलटू, मास्टर राममेहर, एडवोकेट विक्रम मित्तल, बलवान नहला, महेंद्र बेनीवाल मोची, राजा जैलदार, ब्लॉक समिति सदस्य राजबीर सिवाच, संजय शर्मा, जोगिंदर उर्फ जोगड़ा, डॉ. जसमेर सिवाच, प्रोफेसर ओमप्रकाश बिश्नोई, फकीरचंद धायल, जग्गा जैलदार, रोशन लाल, आत्माराम बिश्नोई, मैनपाल मोची, सतबीर शर्मा, सुरेंदर, दल्ली, कोच जयवीर, नटवर लाल, मेंबर पृथ्वी सिंह, नंदा राम, मास्टर ओमप्रकाश, संदीप सिवाच, अंकुश सिवाच, बसाऊ राम, सुभाष, ममलू, संजय शर्मा,राहुल शर्मा, अंकित नैन, सुशील कुमार समेत लाइब्रेरी के बच्चे व ग्रामीण उपस्थित रहे।



फतेहाबाद। कामरेड कृष्णस्वरूप की 75वीं जयंती पर पौधारोपण करते अतिथिगण।

खबर संक्षेप



## मंदिर में दानपात्र से 40 हजार रुपये चोरी

**सिरसा।** शहर के मुख्य बाजार स्थित श्री गणेश मंदिर से चोर बीती रात दान पात्र तोड़कर 40 हजार रुपए चुराकर ले गए। घटना के बारे में मंदिर के पुजारी को सुबह पता चला। जिसके बाद समिति के सदस्यों को सूचना दी गई। बाद में पुलिस को सूचित किया। पुलिस को दी शिकायत में मंदिर के पुजारी दिलीप त्रिपाठी ने बताया कि बीती रात वह मंदिर बंद कर घर चले गए। आज सुबह जब पूजा करने मंदिर में आया तो देखा कि मंदिर के दान पात्र टूटे पड़े थे। दान पात्र में करीब 40 हजार रुपए की दानराशि थी जिस चोर ले गए। उन्होंने इसकी सूचना मंदिर प्रबंधक समिति के सदस्यों को दी। मंदिर समिति के सदस्य मंदिर में पहुंचे। समिति के सदस्यों ने इसकी सूचना तुंरत पुलिस को दी।

## दुकान से नकदी भरा बैग चोरी

**सिरसा।** शहर के ई-ब्लॉक में एक दुकान के गेट का ताला तोड़कर चोर नकदी से भरा बैग चोरी कर ले गए। बैग में करीब 1 लाख रुपए की नकदी थी। पुलिस को दी शिकायत में हिमांशु कालड़ा ने बताया कि दोपहर को वह घर खाना खाने के लिए दुकान का शीशा लॉक कर घर गया था। पीछे से चोर दिनदहाडे. शीशे का लॉक तोड़कर गल्ले के पास पड़ा नकदी वाला बैग चोरी कर ले गए। बैग में करीब 1 लाख रुपए की नकदी थी। जब खाना खाकर वह वापस आया तो उसे घटना का पता चला। अपने स्तर पर आसपास के दुकानदारों से भी पूछताछ की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। जिसके बाद तुरंत पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## कार्यालय का ताला तोड़कर नकदी व दस्तावेज चोरी

**सिरसा।** शहर के सरकुलर रोड क्षेत्र में एक कार्यालय के ताले तोड़कर चोर 18500 रुपए की नकदी सहित जरूरी दस्तावेज चुराकर ले गए। पुलिस को दी शिकायत में संतनगर निवासी रोहताश जांगड़ा ने बताया कि उनका सरकुलर रोड पर कार्यालय है। 13 जून की शाम को वह कार्यालय बंद कर घर चला गया। देर रात को चोरों ने कार्यालय के गेट के ताले तोड़कर वहां रखे कुछ जरूरी दस्तावेज व गल्ले में पड़ी 18500 रुपए की नकदी चोरी कर ली। सुबह उसे घटना का पता चला। अपने स्तर पर आसपास के लोगों से भी काफी पूछताछ की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। जिसके बाद पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## घर के बाहर से मोटरसाइकिल चोरी

**सिरसा।** शहर की अग्रसैन कॉलोनी में घर के बाहर खड़ा मोटरसाइकिल चोरी हो गया। पुलिस को दी शिकायत में अजय गर्ग ने बताया कि 14 जून की शाम को उन्होंने अपना बाइक घर के बाहर खड़ा किया था। कुछ देर बाद संभाला तो मोटरसाइकिल गायब मिला। अपने स्तर पर आसपास के लोगों से भी पूछताछ की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। जिसके बाद पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## अग्रवाल कालोनी में मकान से गहने चोरी

**फतेहाबाद।** चोरों ने अग्रवाल कालोनी में एक मकान के ताले तोड़कर वहां से लाखों के गहने व नकदी चोरी कर ली। इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गईहै। पुलिस को दी शिकायत में गांव दरियापुर निवासी पलविन्द्र ने कहा कि गत दिवस उसकी भाभी अपनी लड़की के पास चण्डीगढ़ चली गई थी और वह मकान को ताला लगाकर काम पर चला गया था। दोपहर को उसके पड़ोसियों ने उसे सूचना दी कि उसके मकान का ताला टूटा हुआ है।

### एडीसी राहुल मोदी ने योगाभ्यास में भाग लेकर किया प्रेरित

# योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर का समापन, शहर में निकाली योग यात्रा

अतिरिक्त उपायुक्त राहुल मोदी ने विशेष रूप से भाग लेकर उपस्थितजन के साथ योगाभ्यास किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

आगामी 21 जून को 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर हरियाणा योग आयोग, आयुष विभाग व जिला प्रशासन के तत्वावधान में पूर्व तैयारियों के लिए पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, फतेहाबाद में तीन दिवसीय योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। 13 जून से 15 जून तक चलने वाले इस शिविर में स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों, सभी विभागाध्यक्ष और उनके अंतर्गत आने वाले कर्मचारी एवं परिजनों सहित विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं के सदस्यों तथा आम नागरिकों के लिए योग प्रोटोकॉल के अनुसार अभ्यास करवाने के लिए आयोजित किया गया। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित करवाई जा रही योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर में शनिवार को अतिरिक्त उपायुक्त राहुल मोदी ने विशेष रूप से भाग लेकर उपस्थितजन के साथ योगाभ्यास किया। योग दिवस के अवसर पर 19 जून को सुबह 5.30 बजे से पंचायत भवन से शुरू होकर एमएम कॉलेज तक होने वाली मैराथन व उसके बाद एमएम कॉलेज में की जाने वाली पायलट रिहर्सल में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया। योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण में योग विशेषज्ञा अंबिका पांटा ने स्वस्तिवाचन से प्रारंभ करके शिथिलीकरण अभ्यास, खड़े होकर किए जाने वाले अभ्यास, पेट के बल तथा पीठ के बल लेटकर किए जाने वाले अभ्यास, कपालभाति, अनुलोम-विलोम, शीतली, भ्रामरी प्राणायाम का अभ्यास करवाया। तत्पश्चात संकल्प के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। योग प्रोटोकोल प्रशिक्षण कार्यक्रम के तुरंत बाद योग जागरण यात्रा आयोजित की गई। आयुष योग सहायकों ने नारे लगाते हुए आम लोगों को योग से जोड़ने के लिए यह यात्रा निकाली। उन्होंने बताया कि इस बार आयुष मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा योग दिवस का थीम स्वयं और समाज के लिए योग निर्धारित किया गया है। प्रशिक्षण शिविर के अंतिम दिन स्कूल प्रिंसिपल, अध्यापकों व बच्चों के साथ-साथ बड़ी संख्या में अनेक गणमान्य व्यक्तियों तथा विभिन्न सरकारी कार्यालयों से कर्मचारियों ने योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण में भाग लिया।



**फतेहाबाद।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर में भाग लेकर योगाभ्यास करते एडीसी राहुल मोदी।

# एमएम कॉलेज में रैली निकालकर किया जागरूक

■ कॉलेज में विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर एमएम पीजी कॉलेज में विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कॉलेज की एनएसएस गर्ल्ज व ब्वॉयज यूनिट के वॉलंटियर्स द्वारा लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जागरूकता रैली निकाली गई वहीं विद्यार्थियों ने द्वारा विभिन्न प्रकार के पोस्टर बनाकर रक्तदान के महत्व को प्रदर्शित किया गया। इसके अलावा एनएसएस ब्वॉयज यूनिट के इंचार्ज डॉ. विकेश सेठी व गर्ल्ज यूनिट इंचार्ज प्रो. प्रतिभा मखीजा के संचालन में एक बेविनार का भी आयोजन किया गया। बेविनार में मुख्य वक्ता के तौर पर चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा से रेडक्रॉस कोर्डिनेटर प्रो. रोहताश कुमार ने भाग लिया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. गुरचरण दास ने कार्यक्रम को लेकर एनएसएस के क्षेत्रीय निदेशक श्रवण राम, एनएसएस स्टेट ऑफिसर प्रो. दिनेश शर्मा व मुख्य वक्ता प्रो. रोहताश कुमार का आभार व्यक्त किया वहीं एनएसएस ब्वॉयज कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विकेश सेठी व एनएसएस गर्ल्ज कार्यक्रम अधिकारी प्रो. प्रतिभा मखीजा को बधाई दी।

बेविनार को संबोधित करते हुए प्रो. रोहताश कुमार ने कहा कि विद्यार्थी जीवन में एनएसएस का बहुत महत्व है। विद्यार्थियों को एनएसएस से अवश्य जुड़ना चाहिए। इसको लेकर सीडीएलयू द्वारा कल ही एनएसएस को वैल्यू एडिड कोर्स में पढ़ाने का निर्णय लिया है। यह दो क्रेडिट का कोर्स होगा। विद्यार्थियों को रक्तदान के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि रक्तदान को सबसे बड़ा दान कहा गया है। कोई भी स्वस्थ व्यक्ति नियमित अंतराल पर रक्तदान कर सकता है। उन्होंने बताया कि रक्तदान किसी कमजोरी का कारण नही बनता है बल्कि नई कोशिकाओं के बनने से यह आपको स्वस्थ रखता है। इसके साथ ही रक्तदाताओं को हार्ट अटैक व कैंसर के खतरे सहित अन्य कई प्रकार की बीमारियां अपेक्षाकृत कम होती है। नियमित रक्तदान से रक्त पतला होता है और रक्त का थक्का नहीं बनता। इस अवसर पर डॉ. सुरेन्द्रपाल सिद्धू, प्रो. विजय गोयल, डॉ. रोबिन आनंद कोर्डिनेटर नैक, लाइब्रेरियन प्रो. संध्या अग्रवाल, सहायक लाइब्रेरियन रमनदीप सिंह, जितेन्द्र बत्रा सहित अनेक स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

## ईद पर यूपी जाने के लिए रखे थे पैसे, चोरों ने घर में घुसकर चुराये

**फतेहाबाद।** चोरों ने अशोक नगर में एक मकान में घुसकर हजारों की नकदी चोरी कर ली। यूपी के रहने वाले मजदूर ने यह राशि ईद पर अपने घर जाने के लिए रखी थी। इस बारे पीड़ित मजदूर ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई है। शहर पुलिस को दी शिकायत में यूपी निवासी इमरान ने कहा है कि अब पिछले कई सालों से फतेहाबाद के अशोक नगर में रहता है और अलमारी फैक्ट्री में मजदूरी का काम करता है। इमरान ने कहा कि उसने ईद पर अपने गांव जाने के लिए फैक्ट्री मालिक से 46500 रुपये लिए थे और इन्हें बैग में रख दिया था। गत दिवस रात को अज्ञात चोर उसका बैग चोरी कर ले गए। बैग में 46500 रुपये के अलावा उसके जरूरी कागजात भी थे। सुबह जब वह उठा तो उसे चोरी का पता चला।

## दुकानदारों ने लगाई तरबूज की छबील

**चोपटा।** तपती गर्मी में नाथूसरी चोपटा के दुकानदार और ग्रामीण शीतल मीठे जल, गन्ने के जूस, तरबूज की छबील लगाकर सेवा कर रहे है। इसी कड़ी में शनिवार को दुकानदारों ने भादरा रोड पर तरबूज की छबील लगाई। जगदीश सोनी ने बताया कि हर वर्ष नाथूसरी चोपटा में दुकानदारों व ग्रामीणों द्वारा शीतल जल, तरबूज, गन्ने के जूस की छबील लगाई जाती है। इस बार भी तपती गर्मी में शनिवार को दुकानदारों ने सुबह करीब 4 घंटे भादरा रोड पर छबील लगाई और आते जाते हुए राहगीरों को तरबूज खिलाया। दुकानदार विनोद शर्मा, विनोद सोनी, सुरेंद्र बैनीवाल, अनिल कासनियां, राजकुमार सोनी, पवन सोनी, रामस्वरूप सोनी, सुभाष बैनीवाल, दीपक जांगड़ा, रामस्वरूप, तेजपाल शास्त्री, विनोद सोनी, मोक्ष मित्तल, महेंद्र लुदेसर, अमन बैनीवाल आदि ने तपती गर्मी में सेवा कर लोगों को तरबूज खिलाया।

# सद्गुरू कृपा अपने घर में चाय पर चर्चा शिविर आयोजित, सीजेएम ने लिया भाग

■ सैंकड़ों बुजुर्ग वृद्ध आश्रम में गैरों के बीच में अपनी खुशी ढूंढते हैं : कमलेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश दीपक अग्रवाल के आदेशानुसार विश्व बुजुर्ग दुर्व्यवहार जागरुकता दिवस पर सद्गुरू कृपा अपना घर आश्रम फतेहाबाद में चाय पर चर्चा शिविर का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी गायत्री ने बताया कि 15 जून को पूरे विश्व में विश्व बुजुर्ग दुर्व्यवहार जागरुकता दिवस दिवस मनाया जाता है। विश्व बुजुर्ग दुर्व्यवहार जागरुकता दिवस समाज में रह रहे वृद्ध लोगों के लिए सुरक्षित और सहायक वातावरण बनाना, उनके सम्मान और अधिकारों की रक्षा करने की दिशा में काम करने के लिए लोगों को प्रेरित करना है। इस शिविर में पैनल अधिवक्ता कमलेश कुमारी वशिष्ठ ने बताया कि अपने बच्चों के दुर्व्यवहार के कारण घर से निकाले गए सैंकड़ों बुजुर्ग वृद्ध आश्रम में रहकर गैरों के बीच में अपनी खुशी ढूंढते हैं। सुबह-शाम बुजुगार्ं की आंखों में झड़ते आंसू अपनों के दिए कष्टों को याद दिलाते हैं। आश्रम में रहने वाले हर बुजुर्ग की अंतिम इच्छा है कि उनके आखिरी समय में अब भी अपनों के प्यार से दो मीठे बोल सुनने को मिल जाए, यह उनके लिए वह बोल अमृत के समान होंगे।



**फतेहाबाद।** सदगुरु कृपा अपना घर आश्रम में बुजुगार्ं के साथ आयोजित चाय पर चर्चा शिविर में उपस्थित सीजेएम गायत्री।

## दुकान में रखे 85 हजार 700 रुपये चोरी

**ओढां।** क्षेत्र के गांव खाई शेरगढ से दुकान का तोड़कर बुढ़ापा पेंशन देने के लिए रखी राशि 85,700 रुपये अज्ञात चोर फरार हो गए। ओढ़ा पुलिस ने मोहित कुमार पुत्र मनोहर लाल निवासी खाई शेरगढ की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। मोहित कुमार ने बताया कि बीती 13 जून को वह हर रोज की तरह शाम को अपनी दुकान को ताला लगाकर अपने घर चला गया। अगले दिन शुक्रवार को सुबह करीब 6 बजे जब अपनी दुकान पर आया तो मेरी दुकान के दोनों ताले टूटे हुए थे और दुकान के अन्दर का सामान बिखरा पड़ा था। जब उसने दुकान का समान देखा तो दुकान से 12-13 पुराने मोबाईल व दुकान के गल्ले में रखे हुए बुढापा पेंशन देने के लिए 85 हजार 700 रुपये कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी करके ले गया है।

# ग्रामीणों की मदद के लिए पहुंची शाह सतनाम जी ग्रीन एस वेलफेयर विंग

हरिभूमि न्यूज. सिरसा

गांव गुडियाखेड़ा निवासी श्रवण कालड़ा दो दिन पूर्व ढुकड़ा नोहर फीडर में गिर गया था। दो दिन से ग्रामीण व प्रशासन उसकी तलाश में जुटे हुए थे। लेकिन उसका शव नहीं मिल रहा था। शनिवार को ग्रामीणों ने डेरा सच्चा सौदा के हेल्पलाइन पर कॉल कर मदद मांगी। जिसके पश्चात तुरंत ब्लॉक कल्याण नगर व नाथूसरी चौपटा के शाह सतनाम जी ग्रीन एस वेलफेयर विंग के सेवादार ग्रामीणों की मदद के लिए पहुंचे। गोताखोर नहर में उतरे और मात्र चार घंटे में मृतक का शव टुकड़ा पुल से पंजाब हेड के बीच से ढूंढ निकाला। घटनास्थल पर मौजूद पुलिसकर्मियों, परिजनों व अन्य लोगों ने शाह सतनाम जी ग्रीन एस वेलफेयर विंग के सेवादारों के निस्वार्थ सेवा भाव व सेवा के प्रति जुनून की सराहना की। मृतक के एक लड़का व एक लड़की है। जानकारी मुताबिक गांव गुडियाखेड़ा निवासी श्रवण कालड़ा 13 जून शाम 5 बजे नहर में पानी देखने गया था और वह ढुकड़ा नोहर फीडर में गिर गया। इसके पश्चात परिजनों व ग्रामीणों ने अपने स्तर पर उसकी काफी तलाश की। लेकिन उसको नहीं ढूंढ पाए। इसके पश्चात शनिवार को ग्रामीणों ने डेरा सच्चा सौदा से मदद मांगी।



**सिरसा।** नोहर फीडर में डूबे व्यक्ति के शव को बाहर निकालते डेरा के सेवादार।

# सरकार बनते ही भाजपा के जनविरोधी फैसले बदलेंगे : सैलजा

■ लोकसभा चुनाव के ट्रेलर के बाद बीजेपी वालों को विधानसभा चुनाव में पूरी फिल्म दिखा दियो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

सिरसा लोकसभा क्षेत्र की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि लोकसभा चुनाव में वोट की चोट का जो ट्रेलर आपने भाजपा को दिखाया है, अक्टूबर के प्रस्तावित विधानसभा चुनाव में उसकी पूरी फिल्म सी दिखा दो। एक करड़ा सा जोट्टा आपने विधानसभा चुनाव में मार दिया तो फिर सत्ता आपकी देहली, आपके दरवाजे पर लाने की गारंटी हम लेते हैं। भाजपाइयों ने 10 साल के राज में जितने भी जनविरोधी फैसले लिए हैं, प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनते ही उन्हें जनहितैषी में बदलने का काम हम करेंगे। वे शनिवार को सांसद बनने के बाद फतेहाबाद में भूना रोड स्थित 5 एकड़ पैलेस में कार्यकर्ताओं का आभार जताने पहुंची थी। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री अत्तर सिंह सैनी, पूर्व डिप्टी सीएम चन्द्रमोहन बिश्नोई, पूर्व मंत्री सम्पत सिंह, पूर्व विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया, पूर्व सीपीएस प्रहलाद सिंह गिलांखेड़ा, पूर्व विधायक कुलबीर बैनीवाल, कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव डॉ. विनीत पुनिया, अनिल ज्याणी, जयपाल लाली ने भी संबोधित किया।

कुमारी सैलजा ने कहा कि हरियाणा के लोगों ने देश का लोकतंत्र व संविधान बचाने के यज्ञ में अपने वोट की बखूबी आहुति दी। भाजपाइयों ने जनता को झांसे में लेने की खूब कोशिश की, लेकिन सजग जनता ने अपने मत के जरिए इनके जुमलों पर करारी चोट की। इस जोश को अगले 4 महीने के लिए बरकरार रखना है। भाजपाइयों को विधानसभा में उसी आंकड़े पर लाकर छोड़ना है, जो साल 2014 से पहले इन्हें हासिल होता था। नव निर्वाचित लोकसभा सांसद ने कहा कि भाजपा ने हरियाणा को बर्बाद कर दिया। जो हरियाणा ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री में देश में अग्रणी था, वह पिछड़ गया। प्रति व्यक्ति आय में देश में शीर्ष रहने वाले प्रदेश में आज बीपीएल कार्ड धारकों की संख्या बढ़ी है। नए उद्योग यहां आए नहीं, पुराने पलायन कर गए। रोजगार के अवसर घट गए। सरकारी नौकरियों में बाहरियों को तव'जो दी गई। प्रदेश के पढ़े लिखे युवाओं को नजरअंदाज किया गया। कुमारी सैलजा ने कहा कि प्रदेश का कोई भी वर्ग ऐसा नहीं है, जो भाजपा के 10 साल के कुशासन से तंग न हो, प्रताड़ित न हो। फिरौती के लिए व्यापारियों पर सरेआम गोलियां चलाई जाती हैं।




**फतेहाबाद।** कार्यक्रम में मौजूद सांसद कुमारी सैलजा व अन्य कांग्रेस नेता।

### लोकसभा चुनाव में अच्छा किया प्रदर्शन

**डबवाली।** सिरसा की सांसद कुमारी शैलजा का मानना है कि यदि लोकसभा चुनाव में टिकट वितरण का कार्य बेहतर तरीके से होता तो कांग्रेस पार्टी आठ या फिर इसे भी 'यादा सीट जीत सकती थी। सांसद बनने के बाद धन्यवाद दौरे पर डबवाली पहुंची कुमारी शैलजा ने प्रेस वार्ता के दौरान कांग्रेस पार्टी के प्रदर्शन पर चर्चा करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव के टिकट वितरण में विशेष ध्यान रखा जाएगा और उन्होंने उम्मीद जताई की विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी 85 से भी 'यादा सीट हासिल करेगी। कांग्रेस की सरकार बनने पर प्रदेश के मुख्यमंत्री को लेकर पूछे गए एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि इसका फैसला तो समय आने पर पार्टी आलाकमान ही करेगा। उन्होंने कहा कि इस बार के लोकसभा चुनाव में एक बात तो साफ हो गई कि लोगों ने भाजपा में विश्वास नहीं जताया। इन चुनाव में इंडिया गठबंधन मजबूत होकर उभरा है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में सरकार नाम की कोई चीज नहीं है।

### ट्रेड फेयर में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने लगाई स्टाल

# सहायता समूह की मदद से महिलाएं बनीं उद्यमी : सुरेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

स्वयं सहायता समूह से ऋण लेकर महिलाएं अपने लघु उद्यम स्थातिप कर रही हैं, जिससे वे महिला उद्यमी के रूप में अपनी पहचान बना रही है। यह बात शनिवार को जिला परिषद के सीईओ एवं हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के मिशन निदेशक सुरेश कुमार ने फतेहाबाद में चल रहे ट्रेड फेयर में समूह की महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पादों की स्टालों का शुभारंभ करते हुए कही।

सीईओ सुरेश कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, केंद्र सरकार की महिला उत्थान के लिए एक महत्ती योजना है, जिसके तहत गरीब परिवार की महिलाओं को स्वयं सहायता समूह से जोड़कर उनको आजीविका करवाने के लिए प्रशिक्षण व आर्थिक सहयोग बतौर ऋण दिया जाता है। उन्होंने कहा कि फतेहाबाद में चल रहे ट्रेड फेयर में दो स्टाल प्रशासन के द्वारा समूह सदस्यों को उनके द्वारा निर्मित उत्पाद बेचने के लिए फ्री में मुहैया करवाई गई हैं जिससे उस महिला के गरीब परिवार को आर्थिक मदद मिलेगी और उसकी मार्केटिंग स्कील में सुधार होगा। समूह की महिलाओं के लिए फतेहाबाद शहर में शुरू होने वाले सांझा बाजार में दो दुकानें आरक्षित की गई हैं। इसके अलावा खंड स्तर पर साप्ताहिक बाजार भी लगाएं जाएंगे ताकि समूह की महिलाओं द्वारा तैयार माल को बेचने के लिए इनको उचित स्थान मिल सके। सीईओ सुरेश कुमार ने बताया कि ट्रेड फेयर में उन्हें दो स्टाल मिली हैं, रोटेशन के हिसाब से समूह की महिलाओं को सामान बेचने के लिए अवसर प्रदान किए जाएंगे। इस कार्यक्रम में सीएमजीजीए सुरभि साहू, डीपीएम सतबीर, एलडीएफए रिजनल कोऑर्डिनेटर नारायण, बीपीएम सुभाष, अमित, डीईओ सतपाल, सुमित कुमार, पीआरपी सीमा, निशा, बाला, भागवंती, रेखा, सुमित्रा व विद्या सहित समूह की अनेक महिलाएं उपस्थित रहीं।



**फतेहाबाद।** ट्रेड फेयर में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा लगाई गई स्टालों का शुभारंभ करते जिला परिषद के सीईओ सुरेश कुमार।

# हरियाणा में अब विवाह पंजीकरण करवाना आसान

■ ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम सचिव सहित बीडीपीओ, तहसीलदार, नायब तहसीलदार और सीटीएम को दी विवाह पंजीकरण की शक्तियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

हरियाणा सरकार ने प्रदेश में विवाह पंजीकरण की प्रक्रिया का सरलीकरण करते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में नगराधीश, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी सहित ग्राम सचिव को मैरिज रजिस्ट्रार के रूप में नामित किया है। इस बारे सरकार द्वारा अधिसूचना जारी कर दी गई है। अब विवाह पंजीकरण करवाने वाले लोग लोकल स्तर पर अपनी सुविधा अनुसार ग्राम सचिव से लेकर बीडीपीओ, नायब तहसीलदार, तहसीलदार और सिटी मजिस्ट्रेट के माध्यम से मैरिज रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। उपायुक्त राहुल नरवाल ने बताया कि इससे पहले ग्रामीण स्तर पर केवल तहसीलदार के पास ही मैरिज रजिस्ट्रेशन का अधिकार था। इसी प्रकार शहरी क्षेत्रों के लिए संयुक्त आयुक्त, कार्यकारी अधिकारी, सचिव नगर पालिका, तहसीलदार, नायब तहसीलदार नामित रजिस्ट्रार होंगे। नागरिक अब अपने विवाह को घर के नजदीक उक्त अधिकारियों के माध्यम से सरकारी कार्यालय में पंजीकृत करवा सकते हैं। मैरिज रजिस्ट्रार की संख्या बढ़ने और घर से कम दूरी के कारण अब विवाह पंजीकरण करवाने वालों के लिए सुविधा के साथ-साथ समय की भी बचत होगी।